Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development plan for widening of roads in Mumbai, Maharashtra.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): महोदया, आज हमारे देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री जी वर्ष 2027 तक देश की इकॉनमी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस घोषणा से पूरे देश में विशेष कर युवाओं में बड़ा उत्साह दिखाई दे रहा है और हमारे प्रधान मंत्री जी औद्योगिक क्षेत्र (Industrial Sector) से लेकर Infrastructure Development पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उदहारण के तौर पर हमारे देश में वर्ष 2011 में Infrastructure Development के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये थे और आज वर्ष 2022 में इसे बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये किया गया है। इस प्रकार से देश में नए रास्तों के निर्माण, रेलवे लाइन के विस्तारीकरण, एयरलाइन्स इत्यादि के लिए भारी बढ़ोतरी करने का निर्णय ही नहीं लिया गया, बल्कि तेज गति से काम हो रहा है। मैं सदन को यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री जी ने राज्य की ओर से 5 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के संकल्प में 1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान महाराष्ट्र की ओर से देने का संकल्प किया है। चूंकि, मुंबई शहर देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए राज्य सरकार के इस संकल्प में मुंबई शहर का एक बहुत बड़ा योगदान रहेगा। यह भी विदित ही है कि केंद्र सरकार के राजस्व में मुंबई की ओर से बड़े पैमाने पर भिन्न-भिन्न टैक्स के रूप में पैसा आता है। लेकिन, मुंबई शहर इन दिनों ट्रैफिक की समस्या से बुरी तरह से जूझ रहा है और पीक आवर्स में 10-15 किलोमीटर की स्पीड में गाड़ियां चलती हैं, जिससे व्यापारी वर्ग ही नहीं, बल्कि आम नागरिक और नौकर वर्ग को भी हर रोज चार-चार घंटे यातायात के अवरूद्ध होने की वजह से गंवाने पड़ते हैं। मैं सदन को अवगत करना चाहता हूँ कि माननीय प्रधान मंत्री जी के केन्द्रीय नेतृत्व में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी आज पूरे देश में जो सड़क निर्माण का काम कर रहे हैं, उसकी शुरुआत देश की आर्थिक राजधानी मुंबई शहर से ही हुई थी। अतः मेरी सदन के माध्यम से सरकार से मांग है कि जैसे मुंबई शहर के लिए मेट्रो रेल के लिए केंद्र सरकार ने योगदान दिया है, उसी प्रकार से मुंबई की सड़कों को भी तेज गति से चौड़ा करने के लिए डेवलपमेंट प्लान (DP) में बताये गए सभी रास्तों के निर्माण के लिए आर्थिक योगदान देकर निश्चित समय सीमा में यहां की यातायात समस्या को दूर करने में अपना योगदान देने की कृपा करें। इसके लिए मैं और मुंबई शहर के सभी नागरिक सरकार के आभारी होंगे।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री सुशील कुमार सिंह।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा।

... (व्यवधान)